श्री बालकृण चौहान (घोसी) : सभापति महोदया, आपने मुझे वित्त विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं अपनी ओर से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। काफी चीजों पर माननीय मंत्री जी ने राहत पहुंचायी है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। यहां एक विरोधाभासी चर्चा हो रही है। कुछ लोग कह रहे हैं कि यह एक चुनावी राजनीतिक बजट है और दूसरी तरफ एक्साइज डयूटी और वैट को लेकर पूरे देश के व्यवसायी और बुनकर आन्दोलन कर रहे हैं। बात समझ में

नहीं आती कि यह कहां से राजनीतिक चुनावी बजट हो गया?

मैं कुछ खास बिन्दु रखना चाहता हूं और उनमें एक बिन्दु वस्त्र उद्योग से संबंधित है। इस बारे में भ्रम की स्थिति है। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वह इसे स्पट करें। वित्त विधेयक का हम समर्थन करते हैं। आपने बजट भाण में कहा था कि हाथ से संसाधित कपड़ों पर छूट को बनाए रखना है, लेकिन यह छूट तभी मिलेगी जब किसी भी संसाधित प्रक्रिया में किसी विद्युत अथवा भाप का उपयोग न किया गया हो। 25 तारीख के वक्तव्य में माननीय मंत्री जी ने हस्तकरघा को कर मुक्त पहले से बताया और घोाणा की कि वह कर मुक्त रहेगा लेकिन देश में जो बुनकरों की स्थिति है जिसे पावरलूम कहते है, उनका संज्ञान लेने की जरूरत है। दो स्थितियों से सरकार अवगत है - हस्तकरघा और पावरलूम लेकिन मैं उनके बीच की स्थिति को बताना चाहूंगा जिसे माननीय मंत्री जी ने वित्त विधेयक के खंड 130 में स्पट भी किया है। " यदि केन्द्र सरकार द्वारा इस बात का समाधान हो जाता है कि लोक हित में ऐसा करना आवश्यक है तो प्रत्येक मामले में विशेा आदेश द्वारा, ऐसे आदेश में कथित की जाने वाली अपवादित प्रकृति की परिस्थितियों के अधीन रहते हुए किसी उत्पाद शुल्कय माल जिस पर उत्पाद शुल्क उद्ग्रहणीय है, उत्पाद शुल्क के संदाय से छूट दे सकेगी। " मैं इस तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के 25 जिलों में, तमिलनाडु के सलेम जिले में और देश के अन्य हिस्सों में इस तरह के हैंडलूम्स हैं जिन्हें बुनकरों ने अपनी बुद्धि और अनुभव से डेवलप कर लिया है। वे पावरलूम की श्रेणी में नहीं आते हैं। मात्र आधे हॉर्स पॉवर की मोटर लगाने से वे पावरलूम्स नही हो जायेंगे। इस वजह से सारे बुनकरों में भय व्याप्त हैं और वे भ्रम में हैं, आन्दोलित हैं और लगातार भूख-हड़ताल पर महीने से बैठे हुये हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने 25 अप्रैल को सदन में आश्वासन भी दिया था लेकिन फिर भी वे हड़ताल पर हैं।

सभापति महोदया, मैं उत्तर प्रदेश के मऊ क्षेत्र से आता हूं जहां मुबारकपुर और आज़मगढ़ जिले में बनारसी साड़ी का केन्द्र है। इसके अलावा अदरी वलीदपुर, मौहम्मदाबाद, खैराबाद, पूराघाट, कोपागंज सारा बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है। सारे लोग अपना कारखाना बंद करके सड़क पर आ गये हैं और सुबह 7 बजे से लेकर शाम के 8 बजे तक हड़ताल कर रहे हैं। इसलिये इसका संज्ञान लेना आवश्यक है क्योंकि ये पावरलूम्स नहीं हैं। जो पावरलूम्स होती हैं, उनमें बीम लगती है, उनसे 500-600 साड़ी निकलती है, उसकी स्पीड ज्यादा होती है। हमारे बुनकर पूर्वांचल और देश के अन्य हिस्सों में हैं। वहां जो हैंडलूम्स हैं, मैं उसके अंदर की बात बताना चाहता हूं। हैंडलूम का जो सूत इस्तेमाल होता है, उस पर एक्साइज़ ड्यूटी पहले ले ली जाती है। पहले कोन को लेकर चरखी पर बुनकर वह लच्छी बनाता है, उस लच्छी को फिर डाई करता है। उसके बाद लच्छी को उतार कर उसकी लुण्डी बनाता है। उसके बाद ईंट से लटकाकर, जैसा हस्त करघा चलाया जाता है, उसे टांग दिया जाता है। इसमें बीम का इस्तेमाल नहीं होता। इसी कारण देश के जितने पारलूम्स हैं, उनका उत्पाद भिन्न है। वे 10 रंग नहीं, हजारों रंग की साड़िया दे सकते हैं। इसमें अलग-अलग सूत रंगे जाते हैं। जो रंग चाहते हैं, उसमें अलग-अलग ताना आ जाता है। यह कह देना कि वे मोटर से चल रहा है, ठीक नहीं है। मैं उदाहरण द्वारा इस बात को स्पट करना चाहूंगा।

गांव का कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है। वह मिट्टी को गूंथकर हाथ से डंडे को चाक पर चलाता है, बर्तन बनाता है जो हमारे देश की परम्परा रही है। उस बर्तन को फिर आव मे डालता है, उसे पकाता है, सुखाता है, फिर वह उपभोक्ताओं तक पहुंचाता है। लेकिन आज जिस तरह से वैज्ञानिक अविकार हुये हैं , वह मानवीय श्रम को कम करने के लिये, आधे हॉर्स पॉवर की मोटर लगाकर, उसमें बैल्ट लगा देता है। तो इसे मशीनीकरण नहीं माना जायेगा। ऐसा मानव की सुविधा के लिये किया गया है। हमारे पूर्वांचल के बुनकरों ने जो आधे हॉर्स पॉवर की मोटर लगाई है, उसकी गति बहुत कम है। इस प्रकिया से मात्र 30-40 साड़ी निकलती हैं, जब काम खत्म हो जाता है। एक दिन में एक दो साड़ी ही निकलती है जबकि पावरलूम उद्योग में एक दिन में 30 साड़ियां निकलती हैं। इसलिये इस उत्पाद को अपवादित रूप में लिया जाये और वित्त विधेयक में अपवाद रूप से एक्साइज ड्यूटी से इसे मुक्त रखा जाये। इस हेतु सरकार आश्वासन दे कि जो आधे हॉर्स पावर की मोटर से उत्पाद हो रहा है, उसे मुक्त रखने के लिये अधिसूचना जारी की जायेगी । बुनकरों के भय को दूर किया जाये ताकि वे काम शुरु कर सकें

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :अगर मुक्त नहीं किया?

श्री बालकृण चौहान : तो भी हम वित्त विधेयक का समर्थन करेंगे। इसी तरह से गांवों में छोटे उद्योग के रूप में महिलायें रेडीमेड गारमेंट का कार्य स्व-रोजगार के माध्यम से कर रही हैं। वे छोटे-छोटे बच्चों के लिये कपड़े, महिलाओं के लिये पेटीकोट, ब्लाउज़ का उत्पादन कर रही हैं।

उन्हें भी मुक्त रखने की आवश्यकता है, वे भी उससे मुक्त रखने चाहिए। उत्पाद शुल्क का हिसाब-किताब, लेखा-जोखा वे नहीं दे सकते हैं, इसलिए इस चीज का ध्यान रखना चाहिए कि जो ट्रेड मार्क वाले, बड़ी-बड़ी कम्पनी वाले लोग हैं, उनसे ही उत्पाद शुल्क वसूला जाए। यह नॉर्म न रखा जाए कि जब उत्पादन हो गया, कपड़े सिल गये तो हम सब पर ड्यूटी लेंगे। इसलिए मेरा निवेदन है कि उन्हें इस चीज से बरी रखें।

सभापति महोदया, हमने खास तौर से हैंडलूम उद्योग पर जोर दिया है, जिसे लोग पावरलूम मान रहे हैं, उसे संज्ञान में लिया जाए, क्योंकि कपड़ा आदमी की मूलभूत आवश्यकता है। आदमी की प्राकृतिक आवश्यकता हवा, पानी और भोजन है। भोजन बिना आदमी एक-दो दिन रह सकता है, लेकिन कपड़े बिना एक मिनट भी नहीं रह सकता है। सभ्य समाज में कपड़े बिना आदमी एक मिनट भी नहीं रह सकता। इसलिए यह पूरे मानव समुदाय की जरूरत है। अगर इस पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ायेंगे तो उससे छोटे बच्चों और गरीब लोगों के कपड़ों का उत्पादन महंगा हो जायेगा और वे कम्पिटीशन में नहीं टिक पायेंगे।

मैं बुनकरों की मांग के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। वे कह रहे हैं कि जब 24 परसेन्ट, 30 परसेन्ट सूत पर हम टैक्स देते रहे तो आज उसे घटाकर 16 परसेन्ट करने की क्या जरूरत थी। सरकार को जरूरत थी तो वह 24 परसेन्ट ले रही थी। उसे घटाने की क्या जरूरत थी, हम वह टैक्स देते ही रहे थे। आज इसे लेकर बुनकरों में रोा है कि कटौती करके उन पर बोझ लादा जा रहा है। इसलिए गरीबों की पीठ पर लात मारिये, लेकिन पेट पर लात मारना मानवीय दृटिकोण नहीं है। जनहित में इसे अपवादित रूप में हैंडलूम और पावरलूम के बीच के लूम की स्थिति को भांपने की जरूरत है।

हमारे देश में जुगाड़ से चलने वाली बहुत सी चीजें हैं। हमारा देश जुगाड़ू देश है। यहां तमाम तरह के जुगाड़ से गाड़ी चल रही है। आज किसानों की गाड़ी को देखिये, आप न उसे ट्रैक्टर कह सकते हैं, न जीप कह सकते हैं और न ट्रॉली कह सकते हैं। उसे हम जुगाड़ गाड़ी कहेंगे। उसी तरह से देश में जुगाड़लूम भी चल रहे हैं। इसलिए उसे पावरलूम न माना जाए। विकेन्द्रीकरण के रुप में माननीय मंत्री जी ने कहा था कि विकेन्द्रीकरण का जो रूप है, जो छोटे स्वरोजगारी हैं, उन्हें हम मुक्त करेंगे। लेकिन जो शब्द प्रयोग में आ रहे हैं कि जो लूम मोटर से चलेगा, भाप से चलेगा, उस पर हम एक्साइज ड्यूटी लेंगे, यह बिल्कुल भ्रामक है। इसलिए निश्चित रूप से आज माननीय मंत्री बता दें कि हम जो विकेन्द्रीकृत रूप से एक-दो लूम चला रहे हैं, वे पावरलूम नहीं हैं और दूसरी भ्रांतियां जो चल रही हैं, आज और कल अखबारों में आया कि अगर इसे मुक्त कर देते हैं जो विकेन्द्रीकृत रोजगार वाले, एक-दो लूम वाले लोग हैं, जहां सैन्ट्रलाइज होगा, वे सारा माल जहां इकट्ठा करेंगे, उस व्यापारी पर एक्साइज ड्यूटी लग जायेगी, ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए नहीं होना चाहिए क्योंकि माननीय मंत्री जी ने कहा है कि हैंडलूम के कपड़ों पर न कभी एक्साइज ड्यूटी लगी है और न कभी लगेगी। इसलिए हैंडलूम कपड़े जब किसी दुकान पर एकत्र किये जायेंगे, अगर एक-एक लूम वाले दो-दो साडी ले जाते हैं और वे सौ लोग ले जाएं तो दो सौ जमा होंगे, उस पर भी एक्साइज ड्यूटी नहीं लगनी चाहिए, क्योंकि वह पावरलूम का उत्पाद नहीं है। इसलिए मैं पुनः बहुत विनम्र भाव से निवेदन करूंगा कि आज माननीय मंत्री जी इस चीज को निश्चित कर दें, ताकि वे लोग अपना कारोबार शुरू करें। लोग आंदोलन और हड़ताल करके अभी भी इंतजार कर रहे हैं कि हम 28 से 30 तारीख तक की बैठक देखेंगे और उसके बाद आगे निर्णय लेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Madam Chairman, I rise to support the Finance Bill, introduced by the hon. Finance Minister.

In fact, this is the second Finance Bill during the Tenth Five Year Plan. I congratulate him for having formulated policies which were recommended by the Approach Paper to the Tenth Five Year Plan.

The Approach Paper to the Tenth Five Year Plan which was presented to the National Development Council suggested objectives of doubling the per capita income to get the average growth rate of eight per cent over the Tenth Five Year Plan .

To make this feasible, a lot of targeted areas have been taken up through this Finance Bill, like poverty reduction, employment creation and improvement in certain critical indicators to improve quality of life. These include health, environment and education indicators. It has been seen that the Opposition has been lambasting our Government that we have not been able to achieve anything in four years. We have tried our best and our Government is trying its best. The hon. Prime Minister has also made an announcement that by 2020, India will be a developed country. Our approach to financial problems is also based on that methodology.

It has been seen that our country did not take off as it should have after the Independence. Take the case of irrigation. Since Independence, after the establishment of the Constitution in 1951, we have been able to irrigate only 40 per cent of the agricultural land in the country. There have been massive regional disparities, regional imbalances. Take the case of my State, Orissa. Till today, the economic indicators show us that 47.7 per cent of the population of Orissa is below the poverty line. That means, every second person in Orissa is poor. There has been a lot of regional imbalance since long. It is not the doings of last four years. Our Government is trying to bring parity among all the States so that not only interstate but intrastate regional imbalance is not there and the wealth of the country is equitably distributed to the distress pockets of the country.

The Finance Bill envisages this and that is why so much of money has been put into the rural development sector. A lot of money has been put into PMGSY. There is a massive programme of inter-linking of rivers with a cost estimates of Rs.5,60,000 crore. We have decided to increase production of electricity to one lakh MW. Direct Electricity Bill was brought because the State Electricity Boards were running in losses amounting to about Rs.36,000 crores a year. We have tried to change it into a Regulatory Council by which we could get more electricity, which is a very important infrastructure for the development of a country and of a State.

Irrigation potential is there in our country. The potential for generation of electricity is there in our country. But till date we have been able to generate only 2.4 per cent of the electricity through nuclear energy. We have found out that nuclear plants after going critical are safe. They will not pollute the atmosphere. Nuclear waste can be managed properly. New technologies have been developed. So, why have we been able to generate only 2.4 per cent of the electricity, out of the total electricity generated in the country, through nuclear energy? This sector has to be explored. An initiative has to be taken for generating electricity through nuclear power. When the hon. Finance Minister will reply to the debate, I hope he will throw some light on this particular form of electricity generation.

Our Government wants to implement the 73rd and 74th amendments of the Constitution relating to the Panchayati Raj Institutions and urban bodies with utmost sincerity, which the previous Governments never did.

They never had Panchayat elections. For so many years, there was no three-tier Panchayati system in Bihar. So, how could the money which has been sent for rural development, for creation of Self-Help Groups, and for rural employment generation be spent? Therefore, in true spirit, the 73rd and 74th amendments should be implemented so that the development process of the country could be further de-centralised. All the important targeted areas of development like education, health, poverty eradication, and food security should be properly managed by this three-tier Panchayati institutions. Our Government has taken the ship of development in that direction and has devolved a lot of powers to the Panchayat Raj so that the rural economy becomes strong and vibrant. It is because 70 per cent of population lives in rural areas. They depend on agriculture.

When I talk of rural areas, there are a lot of impediments like natural disaster. Previously, natural disasters were tackled in a transient manner. But the time has come that disaster management should be done. It should have been thought of by the previous Governments but they never thought in that direction. They thought of politicising the floods and drought. They tried to make it a vote catching machine. But our Government would like to change the process. We would like to see that the disaster should be managed properly. The disaster management is the need of the hour today. We lose thousands of crores of rupees which stagnates and retards the growth of the economy of the country. So, disaster management should be a prime targeted area with a targeted approach so that poor States like Orissa do not suffer in future. We had cyclone. Now we are having recurring droughts. Now, let us see if the crops are good after good nine years. Again we got drought. So, such disasters are just not managed when they come. It has to be planned well before. The disaster might be coming. So, we should be prepared to meet that challenge. We should have a security shield for our farmers and poor people. That security shield was

lacking. I remember the days of 1965-66 drought and 1985-86 drought when people had to sell their children in certain parts of India. Our economy has not grown. The farmers are denied water.

The Government wants to boost the economy of the farmers therefore it is giving a lot of loans to them. It is insuring their crops and timely loans are also given. The Kisan Credit Cards have been made so that the credit flow is easy for them and they can improve their economic conditions. When the farmer cannot pay back his loan and he is affected by disasters, then what does he do? He is driven to commit suicide. But it is not the doing of the last four years. It has been a continuous process. From 1951 onwards, the rural sector has been neglected. You created public sector undertaking giants and *Navaratnas*. Today, the Economic Survey says that the gross non-performing assets (NAPS) of scheduled commercial banks increased by Rs.7164 crore to Rs.70,905 crore while the net NPAs increased by Rs.3,084 crore to Rs.35,000 crore in 2000-01. So, this has been the recurring loss of NPAs since the days of previous Governments and not this Government alone.

Now this Government is trying to streamline the things. This Government is trying to bring the Disinvestment Policy on track. There was so much of criticism in the House from the Opposition benches on this. The Opposition stalled the proceedings of the House for no less than 15 days on the issue of disinvestment of BALCO. Crores of rupees were wasted because of the stalling of the proceedings of the House. Today BALCO has been taken over by M/s Sterlite in Korba. The same Chief Minister -- I should not take his name since he is not present here in the House -- had opposed the disinvestment of BALCO. They said then that they would not like to privatise BALCO since it was situated in a tribal area. But today the same administration in Chattisgarh has given more land to M/s Sterlite because they want to spend another Rs. 5,000 crore on the modernisation of BALCO. This clearly proves the turncoat policies of the Opposition. M/s Sterlite has now been invited because they wish to spend some Rs. 5,000 crore for the modernisation of BALCO, since no worker at the Korba unit of BALCO has been retrenched.

Madam, another issue that was raised here was about Modern Bakery. That company is doing pretty well. Not a single worker has been retrenched there and not a single inch of land has been sold because it is a vibrant industry and is making a lot of profit. In the present global scenario, these are policies that are new to this country. We have a WTO regime now. This country was introduced to

the WTO regime by the Congress Government in 1993. Shri Pranab Mukherjee was the then Commerce Minister and he had been the signatory, if I am not mistaken, to the Uruguay Round of talks. At that time they never thought of the farming community. The agreement on agriculture was left blank. Nothing was written on it. At Doha, a Ministerial team, representing this Government, had tried their best to put forth the views of India, but after that no concrete steps have been taken in this regard. The developed countries are trying to overrule us. They are not cutting down on their subsidies, but they are asking us to cut down on our subsidies. This is not a folly of this Government but this is a folly of the Governments that preceded this Government. Those things would have to be corrected.

The hon. President of India had invited us for breakfast the other day and we had gone to the Rashtrapati Bhawan to attend to that. He mentioned that he also had a vision of seeing India as a developed nation. Would we always like to remain as a developing nation and to become a developed nation, the recommendations of the Tenth Finance Commission should be implemented in letter and spirit. Here I would like to mention that the hon. Finance Minister, in right earnest, has come up with 160 amendments to the Finance Bill and these are all vital amendments that touch upon the interests of the handicrafts sector, the primary sector and the basic sector of the economy as a whole and is vital to the rural economy in particular.

Let us, for example, take the gems and jewellery sector. It has been mentioned in para 20 that `manufacturers and producers shall induce cutting and polishing of precious and semi precious gem stones and further amendments have been made in that respect for making it more simple so that there is boost in this trade because gems and jewellery are the highest foreign exchange earner in this country after tea and coffee. Similarly, the Minister has added VAT − Value Added Tax. Any product that is manufactured, to which some value is added during its processing, a tax will be charged with a ceiling at 12.5 per cent.

It is not going to be increased to more than that. Here, I would request the hon. Finance Minister to reconsider his decision and to go deep into this matter. A vast workforce in the disorganised sector like the handloom sector and the rural artisan sector, houses of gems and jewellery, which have also come under the handicraft sector, should be given some relief. Otherwise this sector will die down. They are the heart of the Indian economy. The rural artisans like potters and blacksmith who are associated with the rural trade are famous throughout the world and we earn billions of dollars in exporting these handicraft items. Therefore, they should be further encouraged.

The Minister should look at it and delve into the matter once again. I will given an example. If a particular produce is being carted from one place to another, after carting if the cartage is treated as a value addition to that produce, then it enhances the cost of the produce thereby reducing the marketability of that product. So, considering all these factors, I think the hon. Minister will have a second look at it so that the poor artisans in the country do not get

puzzled by the procedural formulas which will be put into the value addition of tax.

Before I conclude my speech, I would request the hon. Finance Minister that in the distribution of funds there should be no regional imbalance. I thank the Minister for the debt swap scheme that he has initiated in order to see that the financial burden on the States will come down by nearly Rs.51,000 crore. Therefore, it is a kind of soft loan that the States get which they can repay later.

Today, you will be surprised to know that in most of our high schools which are recognised by the Government, teachers have not been paid their salaries for the last seven to eight years after they have become eligible to get paid. In the State of Orissa, the teachers get a monthly payment out of donations and tuition fees etc. of only Rs.400 to Rs.500. I am sure, this must be the case in other States also. Private colleges have been recognised by the Government, but the lecturers are getting only Rs.500, though they are eligible to get full UGC scale. These are the problems being faced by the States. Therefore, I am sure, this debt swap will help in building up the resources of the States.

Besides, the State of Orissa is rich in minerals. Seventy-five per cent of the chrome ore of the country exists in Orissa. But the saddest part of it is that all the minerals which are found in Orissa are sold in their raw material form. There is no value addition to them. We do not have industries. I do not know why Orissa was neglected all these years. We have got a massive seacoast and the marine industry could be a very fertile and rich industry there. We have got the largest mineral resources in the form of chrome ore, gemstone, iron-ore and manganese. You name the ore and we have it in Orissa. We have even got Uranium in Jaduguda in Jharkhand. Today, we are generating electricity from nuclear energy, which accounts for only 2.4 per cent of the total electricity generated.

With these words, I thank you for giving me time.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदया, वित्त विधेयक पर होने वाली बहस में मैं सारे

भेद खोल देना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि तीन बहुमूल्य सिद्धांत है, जिनमें से पहला सिद्धांत टैक्स लगाना है।

"नदीयक पानी नदीये जो हमर डुंगा सुखायलो।"

ातलब जनता से टैक्स लेना और उन्हीं पर खर्च करना। दूसरा सिद्धांत टैक्स लेने का है। जिस तरह से भंवरा और मधुमक्खी फूल को बिगाड़े बगैर पराग और मधु ले लेती है उसी तरह से जो लोग आमद करते हैं, लाभ उठाते हैं, उनसे कुछ टैक्स ले लिया जाये तो उनका कुछ बिगड़ेगा नहीं। हमारा कहना है कि जब वे लोग खत्म ही हो जायेंगे तो आप टैक्स किससे लेंगे, यह मूल सिद्धांत है। तीसरा सिद्धांत है गरीबों का राज, जिसे कहा जाये कि गरीब लोगों के इस्तेमाल की जो चीजें हैं, उनको सस्ता किया जाये और जो अमीर आदमी के इस्तेमाल की चीजें हैं, लग्जूरियस आइटम्स हैं, विलासिता संबंधी आवश्यकताएं हैं, उनको महंगा कर दिया जाये। हम नहीं समझते कि यह कोई बड़ी चीज है या इसमें दिमाग लगाने की चीज है। यह साधारण सी बात है। अब यह कैसे-कैसे हो रहा है, यह सब भेद हम खोलना चाहते हैं।

जो आम लोगों के इस्तेमाल की चीजें हैं, उसको आप सस्ता करिये और जो अमीर लोगों के इस्तेमाल की चीजें हैं, लग्जूरियस हैं, उनको महंगा कीजिए। अब आपने कार को सस्ता किया है, यानी कार के दाम घटाये हैं। एयरकंडीशनर के दाम कम किये हैं जो कि गर्मी में ठंडा और सर्दी में गर्म करता है। अब कौन आदमी एयरकंडीशनर लगाता है ? मैं यह सवाल पूछना चाहता हूं कि आपने उसे सस्ता क्यों किया ? इसी तरह से विदेशों से जो शराब आ रही है, उसको कौन आदमी पीता है ? उसे पीने वाले के घेरे में माननीय मंत्री जी हैं। उसे आपने सस्ता किया है। मेरा कहना है कि पहले

चालिहा कमेटी बनी थी फिर उसके बाद केलकर कमेटी बनी। उन्होंने कहा कि किसान पर टैक्स लगाइये और जो पूंजीपति उत्पादन से कमाते हैं, उन्हें टैक्स फ्री करिये, जिसे माननीय मंत्री जी ने मान लिया है कि इतना भारी अंधेर है-- आमद करने वाले पर टैक्स है और लाभांश पर टैक्स फ्री। इसका क्या जवाब है ? जो व्यक्ति आमद करता है, उस पर इनकम टैक्स लग रहा है और जो लाभ उठाता है, उस लाभांश को माननीय मंत्री जी ने फ्री कर दिया।

दूसरा Abolition of tax on long-term capital gains on sale of shares. आपने यह टैक्स क्यों माफ किया है ? मेरा पहला सवाल है कि लाभांश पर आप टैक्स कैसे माफ कर रहे

हैं ? इसी तरह जो शेयर बेचने वाला लांग टर्म कैपिटलल गेन होगा, उसे भी इन्होंने माफ कर दिया है। जो आमद करके लाभ उठायेगा, जो शोाण करेगा, उसे सब टैक्स माफ और जो गरीब है, उस पर सब टैक्स लगेगा। मिट्टी का तेल, डीजल, खाद आदि पर जो कि गरीबों के इस्तेमाल की चीजें हैं, उन सब पर टैक्स लगेगा। आप खुद देखिये कि कार की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है जबकि ट्रैक्टर की बिक्री में घटौती हुई है क्योंकि किसान की हालत खराब है। किसान मर रहा है। â€¦ (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : ट्रैक्टर पर छूट नहीं देंगे। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : ये सब मूल बातें हैं। हम इन सब विद्वान लोगों पर छोड़ देते हैं कि वह परसेंटेज के हिसाब से देखें। â€¦ (व्यवधान)

नागर विमानन मंत्री (श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन) : लाठी पर भी टैक्स लगेगा। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : टैक्स मारक लोगों के खिलाफ ही लाठी निकाली है। â€¦ (व्यवधान)

उसके बिना कोई उपाय नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

श्री सुरेश रामराव जाधव : लाठी को कौन तेल दे रहा है। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : तेल देकर उसको मजबूत किया जा रहा है। â€¦ (व्यवधान) इसी तरह वैट यानी वैल्यू ऐडेड टैक्स है। अब सामानों के उत्पादन में वैल्यू

एडीशन हुआ नहीं और वैल्यू एडेड टैक्स लगा दिया है, इस कारण कोलाहल मचा हुआ है।

मंत्री जी ने दावा किया है कि हमने इसे मुख्य मंत्री, वित्त मंत्री और सब राज्यों से सहमति लेकर किया है। सब राज्यों में आन्दोलन शुरू हो गए, बाजार बंद हो गए। इनकी भीड़ में हम नहीं जानते कि लोग कैसे सहमत हो गए। राज्य सरकारों ने कह दिया कि यह भारत सरकार का काम है, उसने वैट लगाया है। आन्दोलन शुरू हो गए, अभी लोग टाल रहे हैं, कहते हैं कि बनिया वर्ग ने वोट से जिताया था, हम दवाई कर रहे हैं, उनको ठंडा करने के लिए लोग यहां आ गए हैं। आपने किसानों को क्या छूट दी? लोग कहते हैं कि कृषि मंत्री टैक्स लगाते हैं इसलिए उनको बोला गया तब उस पर रोक लगी। ज़ीरो टिलर मशीन, जिसे किसान इस्तेमाल करते हैं, उस पर टैक्स क्यों लगा रहे हैं, उस पर टैक्स क्यों नहीं खत्म करते। बड़े-बड़े कारपोरेट लोग जो चाहते हैं, वही हो जाता है लेकिन किसान बेचारे मर रहे हैं। लोग कहते हैं कि डब्ल्यू.टी.ओ. एग्रीमेंट हुआ, तो अमरीका के किसानों से कम्पीटिशन करना है। ज़ीरो टिलर और रंग-बिरंगी मशीन, जोतने वाली, काटने वाली आदि सभी की कीमतें बढ़ रही हैं और ट्रैक्टरों की खरीद घट गई है। इन सब चीजों पर टैक्स फ्री करने की सोचिए और करना चाहिए।

नार्थ ईस्ट की इंडस्ट्री, छोटे उद्योग, मल्टी नेशनल्स के कहने पर देशभर के छोटे उद्योग मर गए और यहां मल्टी नेशनल्स का बोलबाला हो रहा है। यदि लघु उद्योग जीएगा तो लोगों को रोजगार मिलेगा, उत्पादन होगा, उस सबकी वर्ल्ड मार्किट भी है, लेकिन मल्टी नेशनल्स नहीं चाहते कि यहां के लघु उद्योग बचें। इसलिए उन पर एक्साइज़ ड्यूटी और रंग-बिरंगे टैक्स लगा कर उन्हें मारो और वे मर रहे हैं। लघु उद्योग सिक हो गए हैं और मल्टी नेशनल्स के पौ बारह हो रहे हैं। हम देखेंगे कि सभी कसौटियों पर देश हित सर्वोच्च हो। देश के गरीब लोग कैसे जिएंगे, किसान कैसे तरक्की करेगा, उसके पक्ष में आपकी क्या नीतियां हैं। उधर से एक आदमी खड़ा होता है - जय हो, जय हो और किसान, मजदूर की क्षय हो, क्षय हो, विदेशी पूंजीपतियों की जय हो, ब्लैक मार्कीटियर्स की जय हो, मैं यही सुन और देख रहा हूं।

फाइनैंस बिल पर कई दिनों से बहस चल रही है। नार्थ ईस्ट में एक्साइज़ ड्यूटी माफ कर दी गई थी ताकि वहां उद्योग बढ़ें, पान मसाला, तम्बाकू आदि की खेती में बहुत मजदूर इकट्ठे काम कर रहे थे, वहां की एक्साइज़ ड्यूटी वगैरह माफ कर दी गई थी। लेकिन जो सुविधा उनको दी गई थी, वह वापिस कर ली गई, कहा गया कि अभूतलक्षी प्रभाव से सब हिसाब लेंगे। श्री सोमनाथ चटर्जी मार्क्सवादी नेता हैं, उन्होंने चिट्ठी लिखी। इनके मंत्री डा. सी.पी. ठाकुर नार्थ ईस्ट के मंत्री हैं और लघु उद्योग के मंत्री भी हैं। उन्होंने वित्त मंत्री जी को पत्र लिखा। हम नहीं जानते कि वह उस पत्र पर क्या कार्यवाही करेंगे। नार्थ ईस्ट का मामला जब आता है तो लोग हमं कहने आते हैं कि हमें क्या पीड़ा हे। वित्त मंत्री जी बताएं कि क्या कठिनाई हुई जो नार्थ ईस्ट के लोगों को दी गई सुविधा वापिस कर ली गई। क्या आप चाहते हैं कि नार्थ ईस्ट के लोग मरें? 1998 में प्रधान मंत्री जी द्वारा तय की हुई सुविधा को वापिस ले लिया गय। हम नहीं जानते कि कौन सी अंडरग्राउंड शक्तियां इसके पीछे काम कर रही हैं कि लघु उद्योगों को मार दिया जाए, मेहनतकश लोगों को खत्म कर दिया जाए, निरुत्साहित किया जाए, किसानों को निरुत्साहित किया जाए।

हम सुनते हैं कि केलकर आई.एम.एफ. वर्ल्ड बैंक के आदमी हैं। वे कहां काम करते थे, हम इसकी डिटेल नहीं जानते। वे उसी लॉबी के व्यक्ति हैं और वही इनके सलाहकार हैं। कैसे देश बचेगा, कैसे किसान, मेहनतकश लोग, कम आमदनी वाले लोगों का काम कैसे चलेगा, इस बारे में साफ बातें होनी चाहिए, यह मैं माननीय सदन से अपील करना चाहता हूं। इनकी टैक्स प्रणाली चौपट हो गई है। 1952-1954 में 600-700 करोड़ रुपये के काले धन का अनुमान था, जो कैम्ब्रिज यूनीवर्सिटी के इकोनौमिक्स के प्रोफैसर आए थे, जिन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू जी बुलवा कर लाए थे।

उन्होंने बताया कि 600-700 करोड़ काला धन है। यह काला धन बढ़ता जा रहा है और बीच में आईएमएफ ने रिपोर्ट दी। पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी, विभिन्न विद्वानों ने तथा प्रोफेसर अरुण कुमार, जवाहर लाल विश्वविद्यालय के जो हैं, सबने कहा और अभी कहते हैं कि 8 लाख करोड़ काला धन है। यह कालाधन छिपाया हुआ है। इस काले धन को निकालने के लिए आपने कौन सी कार्रवाई की है ? यह जो गरीब आदमी पर, सामान्य आदमी पर टैक्स लगाने का काम कर रहे हैं, यह 8 लाख करोड़ जो काला धन है, इसको निकालने के लिए कौन सी कार्रवाई आपने की है, यह बताएं। इसी के कारण देश की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। कहते हैं कि जांच कमेटी बैठेगी। विभिन्न कमेटी बैठी हैं। 25-30 वर्षों में काला धन निरंतर बढ़ रहा है। इसको निकालने के लिए सरकार कौन सी कार्रवाई करने जा रही है ? ये सारी बातें देश और यहां की जनता जानना चाहती है। बड़े आदमियों का पौवारा हो रहा है और गरीब आदमी की गरीबी बढ़ती जा रही है। यह कौन सी टैक्स प्रणाली आप चला रहे हैं ? इस तरह से नॉन-पर्फोर्मिंग एसैट्स पर भाण कर रहे थे कि डेढ़ लाख करोड़ है। जो बड़े-बड़े पूंजीपति और सीआईआई है, जितने बड़े पूंजीपति लोग हैं, इन लोगों ने पैसा लेकर देश का खजाना डुबो दिया है। गांव का किसान, बेरोजगार आदमी ऋण लेता है तो उसकी वसूली करने के लिए गरीब आदमी के गर्दन में गमछा लगाना, ऋण की वसूली करने के लिए कार्रवाई की जाती है जिससे वह रात-रात भर भय मे रहता है कि अब पकड़ने आये, अब पकड़ने आए। जो गरीब आदमी है, जिस पर 1000, 2000, 5000 या 10,000 लोन बाकी है, जो मेहनतकश किसान है, उसके लिए इतने कानून हैं और जिन बड़े पूंजपति लोगों ने डेढ़ लाख करोड़ रुपया लूटकर रख लिया, जो मल्टी-नेशनल पूंजीपति लोग हैं, उनके खिलाफ कौन सी कार्रवाई चल रही है ? उसके लिए कौन सा कानून है ? हिन्दुस्तान में यह क्या हो रहा है ? गरीब आदमी पर बकाया है तो उसका अपमान करना, उसकी गर्दन में गमछा लगाना, कुर्की करवाना और सारी कार्रवाइयां की जाती हैं और पूंजीपति लोगों ने करोड़ों-करोड़ों रुपये, अरबों रुपये ऋण लूटकर रख लिया, उसके लिए क्या कार्रवाई सरकार कर रही है? इन सब चीजों का भेद खुलना चाहिए। इंकम टैक्स का बकाया 62,000 करोड़ रुपये का हमारा बकाया है, रख लिया, उसकी वसूली करने के लिए सरकार क्या कर रही है ? एक्साइज टैक्स का केस कर दिया, 1550 करोड़ एक्साइज टैक्स का रुपया केस में रख दिया जो सरकार केस में हार जाती है और व्यापारी जीत जाएंगे तो यह हिसाब हम खोजना चाहते हैं। इस तरह से वित्त िवधेयक में जितना फॉर्मूला आया है, वह इतना उलट-पुलट वाला है कि जिससे टैक्स चोरी करने वाले जो लोग हैं, उनको फायदा होगा और टैक्स देने वाले लोगों पर टैक्स पर टैक्स लगेगा। इससे आम आदमी का कल्याण नहीं होने वाला है और न ही देश की आर्थिक स्थिति सुधरने वाली है। चालीस हजार करोड़ का नुकसान टैक्स वसूली में हुआ है जिसमें 22,000 करोड़ खाली डिविडेंड पर है। कैसे लोग माफ कर देते हैं ? इवैलुएशन ऑफ टैक्स, इतनी भारी लॉबी है कि हमने बिहार के लिए िवत्त मंत्री जी से आग्रह किया था। एक राट्रीय विकास योजना आई थी, उसमें सब ट्रांसमिशन वाला 365 करोड़ की योजना स्वीकृत हो गई। उसका काम शुरू होना था। लेकिन आपका कौन अफसर है कि वह इतना पेच लगाता है कि हमने दो बार प्रार्थना की। वह कहता है कि कैबिनेट में जाएगा। सारा कानून इसी पर लागू होगा। जब तक बर्सात पार हो जाएगी और फिर दाम बढ़ जोंगे। इतना भारी गलत काम हो रहा है। वह योजना भी पिछड़ गई। वह कैसे लागू नहीं हुई ? आपने कहा कि हमने निदेश दे दिया है लेकिन वह अफसर नहीं माना। योजना आयोग कलप रहा है कि अब क्या करें ? तुरंत काम शुरू होना था। ट्रांसमिशन इंसटेंट सैक्टर में सरप्लस बिजली है लेकिन वहां किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है।

17.00 hrs.

अगर ट्रांसमिशन लाइनों को दुरुस्त कर दिया जाए तो गांवों में किसानों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। मैं समझता हूं कि इसमें कोई परेशानी सरकार को नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार ने राट्रीय सम विकास योजना से जो पैसा इस काम के लिए मंजूर किया था, वह राज्य को देना चाहिए। पता चला है कि अभी वह प्रपोजल केबिनेट में जाएगा, ढाई साल तो ऐसे ही बीत गए हैं और पता नहीं कितने साल लग जाएंगे। यह मैं वित्त मंत्री जी पर छोड़ देता हूं कि वे बिहार के बारे में क्या करने वाले हैं। जो केन्द्र द्वारा प्रयोजित योजनाएं हैं, उसमें आप राज्यों को पैसा देते हैं। बिहार से पेट्रोल और डीजल पर टैक्स के रूप में काफी पैसा केन्द्र को आता है। लेकिन वहां आज भी रूरल रोड्स की हालत बहुत खराब है। एक भी पैसा बिहार को सेंट्रल रोड फंड से नहीं मिला है। वहां जो राट्रीय हाईवे हैं और नेशनल हाईवे हैं, उनकी हालत बहुत खराब है। राज्य सरकार के पास इतनी क्षमता नहीं है कि वह इनकी हालत ठीक कर सके इसलिए भारत सरकार को इसमें मदद देनी चाहिए। और कुछ नहीं हो तो इस फंड में जो बिहार की हिस्सेदारी बनती है, वह पैसा ही उसको दे दें।

गए तीन साल में ग्रामीण विकास योजना के तहत बिहार को 301 करोड़ रुपए की कटौती की गई है। इंदिरा आवास योजना में 130 करोड़ रुपए, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में 96 करोड़ रुपए, स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना में 38 करोड़ रुपए और पीने के पानी की योजना में 37 करोड़ रुपए, कुल मिलाकर 301

करोड़ रुपए की कटौती की गई है। वह सारा पैसा विकसित राज्यों को दे दिया गया है। डी.आर.डी.ए. को सीधे पैसा जाता है। कहा जाता है कि अमुक डी.आर.डी.ए. ने ठीक से पैसा खर्च नहीं किया और हिसाब नहीं दिया। अगर बिहार के अंदर एक जिले में पैसा ठीक से खर्च नहीं हुआ तो दूसरे जिले को आप वह पैसा दे दें। लेकिन आपने सारे राज्य का पैसा काट कर विकसित राज्यों को दे दिया। यहां दिल्ली में सचिवालय में बिहार के साथ भेदभाव होता है। बिहार का हिस्सा मारा जा रहा है। इसी बात को लेकर बिहार में हम लोगों ने 30 अप्रेल को एक रैली का आयोजन किया है, जिसमें सारे राज्य से लोग आएंगे। बिहार देश का आबादी का दसवां हिस्सा है। बिहार भारत का दिल है। बिना बिहार के विकास के देश आगे नहीं बढ़ सकता। अगर कोई समाजशास्त्री यह दावा करता है कि बिहार को छोड़ कर देश आगे बढ़ जाएगा, तो वह असत्य कहता है। आठवीं योजना में बिहार को 12,000 करोड़ रुपया मिला था, लेकिन बहुत सा रुपया खर्च नहीं हुआ। इसी तरह से नौवीं योजना में हमें 16,000 करोड़ रुपए मिले, लेकिन खर्च सिर्फ दस हजार करोड़ रुपए ही हुए। सेंट्रली स्पासंर्ड स्कीम्स में भी हर साल करीब 1100 करोड़ रुपए की कटौती बिहार की हो रही है। 364 योजनाएं इसके अंतर्गत आती हैं, लेकिन उनमें भी कटौती हो रही है और हमें पैसा नहीं मिल रहा है। आप कहते हैं कि खर्चा नहीं हो पाता। हम तीन हजार करोड़ रुपए टैक्स देते हैं, उस पर दंड सूद भी देते हैं। जो राज्य पिछड़े हुए हैं, उनकी तरफ खास ध्यान देना चाहिए। आज पिछड़े राज्यों में क्षेत्रीय असमानता बढ़ रही है, क्योंकि डिसपैरिटी हो रही है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि सरकार क्षेत्रीय असुंतलन दूर करे।

श्री अरुण कुमार (जहानाबाद) : वहां गरीबों को तेल नहीं मिलता और आप लाठी को तेल पिला रहे हैं।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : देश को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

सभापति महोदया : आप चेयर को एड्रैस करें और समाप्त करें।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : मैं अभी खत्म करता हूं। यहां पर शाहनवाज हुसैन जी, रामजीवन सिंह जी बैठे हुए हैं। बिहार से सभी सांसद प्रधान मंत्री जी से मिले थे और उनको ज्ञापन दिया था। उसमें मांग की गई थी कि बिहार का सेंट्रली स्पासंर्ड स्कीम्स का हिस्सा मारा जा रहा है इसलिए बिहार का कर्ज माफ किया जाए।

हमारा सवाल यह है कि बिहार में केन्द्रीय सरकार की योजनाओं के काम में कटौती हुई है, इसलिए बिहार का कर्जा माफ करो। आप आंख मीचकर सरकार का समर्थन कर रहे हैं। बिहार के मंत्री बिहार के हितों की अनदेखी करके केन्द्र सरकार की नौकरी कर रहे हैं। हमारा पहला सवाल है कि बिहार का कर्जा माफ करो और दूसरा सवाल है कि बिहार को विशेा राज्य का दर्जा दो। नेशनल डैवलेपमेंट कौंसिल ने जो क्रीटैरिया तय किया है वह बिहार पूरा करता है, पांच शर्तों को बिहार पूरा करता है। दसवें वित्त आयोग ने 1996-1997 जो रुपया दिया, वह हमको मिला और झारखंड को भी मिला। झारखंड ने पंचायत के चुनाव नहीं कराये लेकिन बिहार में चुनाव हुए। फिर भी हमारा पैसा काट लिया गया। करीब सवा चार सौ करोड़ रुपया, जिसकी अनुशंसा 10वें वित्त आयोग ने की थी उसको भारत सरकार ने रोक लिया।

कहा गया है कि बाढ़ से करीब 1200 से 1500 करोड़ रुपये की बर्बादी होती है। मैं पूछना चाहता हूं कि भारत-नेपाल समझौता क्या बिहार सरकार के हाथ में है। क वरसेन कमेटी ने कहा था कि राज्य सरकार के बस में बाढ़ नियंत्रण नहीं है। वहां गंडक, बागमती और कमला-बालान नदी जो हिमालय से आती है और नेपाल से आने वाली अंतर्राट्रीय नदियों से 12 से 15 सौ करोड़ रुपये की बर्बादी हर साल होती है। बाढ़ सुखाड़ से सात जिले जो तीन साइडों में पड़ते हैं प्रभावित हैं, 10 लाख हैक्टेयर जल-जमाव है। बाढ़-सुखाड़, जल-जमाव चार प्राकृतिक आपदाओं से बिहार में तबाही होती है। भारत सरकार के पास उसका निदान है। अगर इन सब सवालों को नहीं देखा जाएगा तो रीजनल-विामता बढ़ेगी और वह देश के हित में नहीं होगी। संविधान में भी सिद्धांत है कि जो राज्य पीछे छूट जाएँ, उनको सहूलियतें देकर राट्र की मूल धारा में लाया जाए। जो हमारी हिस्सामारी हो रही है और बिहार को उसका हिस्सा न देने के बहाने बनाए जा रहे हैं, उनसे राज्य पिछड़ रहा है। हमारे जिले वैशाली के अध्यक्ष श्री रामविलास पासवान हैं, उनको अध्यक्ष बनाया गया है और संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में सात करोड़ रुपया एक स्कीम में हमारे जिले ने भेजा है। जिला बोलता है कि हमने हिस्सा भेज दिया, ये कहते हैं कि नहीं दिया। इसलिए एक ही स्कीम में सात करोड़ रुपया काट लिया गया। मुजफ्फरपुर जिले का इंदिरा आवास योजना का 16 करोड़ रुपया काट लिया। इसी तरह से 1 करोड़ 94 लाख रुपया संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना का काट लिया। वहां सांसदों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बना दिया गया है। उसके बाद भी अगर हमारे हिस्से की कटौती होगी तो वहां राज्य में जो जिला-परिद् और एमएलए बैठे हैं वे एमपी लोगों को हूट करेंगे और कहेंगे कि आप लोग भारत सरकार में बैठे हो और भारत सरकार कटौती कर रही है। बंगाल और आसाम का भी 100 करोड़ रुपये से ज्यादा काटा गया है, उत्तर प्रदेश का भी रुपया काटा गया है तथा और भी बहुत से राज्यों का पैसा काटा गया है। मेरा कहना है कि सांसदों की भी सुरक्षा होनी चाहिए। नहीं तो वहां के मुखिया से लेकर एमएलए तक एमपीज को हूट करेंगे, उनकी फजीहत करेंगे। इसलिए हम अपील करते हैं कि माननीय सांसदों को फजीहत से बचाया जाए और केन्द्र द्वारा कटौती बंद की जाए। राज्यों का हिस्सा मार करके भारत सरकार दानी बन रही है, इसे राज्य बर्दाश्त नहीं करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मेरा कहना यह है कि यह वित्त-ि वधेयक गरीब लोगों के खिलाफ है, और पूंजीपतियों के फेवर का है। इसलिए सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और सदन को इसे पास नहीं होने देना चाहिए। इसलिए सदन इस पर विचार करे और वित्त विधेयक को खारिज करे।

श्री अरुण कुमार (जहानाबाद) : सभापति महोदया, वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में विचारार्थ वित्त विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। माननीय सदस्यों नें काफी विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए हैं और मैं भी कुछ शब्दों में अपनी भावना व्यक्त करना चाहता हूं।

महोदया, जब देश आजाद हुआ था, तो किसानों के नेता स्वामी सहजा सरस्वती जी ने एक नारा दिया था - "जो अन्न वस्त्र उपजाएगा, शासन वही चलाएगा। भारतर्वा उसी का है, उसे आगे बढ़ाएगा।" लेकिन आजादी के इतने लम्बे समय के बाद भी "जो अन्न वस्त्र उपजाएगा, शासन वही चलाएगा" की भावना केन्द्र से दूर है। आजादी के 55 वार्षों की आजादी के बाद गांवों की जो स्थिति है, खेत-खलिहानों की जो स्थिति है, इस विाय में रघुवंश प्रसाद जी या अरुण कुमार कितनी ही चर्चा कर लें, निश्चित तौर से भारत का जो स्वरूप है, जो भारत की आत्म है, वह कराह रही है। गन्ना किसान भी आज तबाह हो रहे हैं।

17.12 hrs. (Dr. Raghuvansh Prasad Singh in the Chair)

